बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) 224777, 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या 64

पटना
दिनांक 24-12-2001

प्रेस विज्ञप्ति

अखबार के माध्यम से हमें यह सूचना मिली है कि राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों को दी जाने वाली छुट्टी में कटौती करने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय की हम घोर निन्दा करते हैं क्योंकि केन्द्रीय सेवा शर्त्त की सुविधा के नाम पर राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है जबकि अभी तक केन्द्रीय सेवा शर्त्त हू-ब-हू लागू नहीं किये गये हैं। सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ायी नहीं गई है, प्रोन्नति के लिए शर्त्तें निर्धारित नहीं की गई है ऐसे में सरकार का यह निर्णय कर्मचारी विरोधी है और हमें निन्दा करने तथा इसके विरोध में आन्दोलन पर जाने के सिवा अब कोई विकल्प नहीं रह गया है।

मुख्य सचिव, कार्मिक सचिव एवं वित्त सचिव ने केन्द्रीय सेवा शर्त्त लागू करने की बजाय कटौती का प्रस्ताव देकर हमें आन्दोलन के लिए प्रेरित किया है। सरकार को गुमराह करने वाले ये उच्च पदाधिकारी से हम जानना चाहते हैं कि ये सभी 60 वर्ष के सुख का आनन्द लेते हैं पर हमें इससे वंचित कर सुख का अनुभव करते हैं। ये 300 दिनों के उपार्जित अवकाश के बदले समतुल्य राशि का भुगतान लेते हैं पर हमें 240 दिनों का। ये सभी प्रोन्नति के सभी स्तरों का केन्द्रीय सुविधा का सुख भोगते हैं पर हमें देना नहीं चाहते हैं। हमारी कालबद्ध प्रोन्नति समाप्त कर दी गई पर ए०सी०पी० लागू नहीं किया गया है। ये सप्ताह में शनिवार और रविवार 2 दिनों की छुट्टी का सुख भोगते हैं पर हमें देने से कतराते हैं। हमारी 15 दिनों की अधिक छुट्टी ~~xx~~ इनकी आँखों में खटकती थी पर ये स्वयं 52 शनिवार के सुख का आनन्द लेते हैं और हमें देना नहीं चाहते हैं।

हम इन आला अधिकारियों को अपना विरोध प्रकट करते हुए बताना चाहते हैं कि जब केन्द्रीय तर्ज पर कटौती का प्रस्ताव देते हैं तो जो सुविधा केन्द्रीय

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : ~~220227~~ (O)2247
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक...............................

तर्ज पर हमें मिलना चाहिए, जिसके लिए सरकार का समझौता भी है तो उसकी स्वीकृति क्यों नहीं देते हैं । अतः सरकार के इस निर्णय की न केवल हम निन्दा करते हैं बल्कि हम इस विज्ञप्ति के माध्यम से उन्हें अगाह भी करते हैं कि सरकार इस कर्मचारी विरोधी नीति का परित्याग करे, सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा तुरत बढ़ाये, केन्द्रीय तर्ज पर प्रोन्नति तथा सभी सेवा शर्त्तें लागू करे अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे ।

इस विज्ञप्ति के माध्यम से राज्य के तमाम पदाधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों का भी हम आह्वान करते हैं कि अब समय आ गया है, सभी संगठन मिल बैठकर आपसी सद्भाव बनाकर सरकार के खिलाफ इस कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में सामुहिक आन्दोलन का कार्यक्रम तैयार करे । हमारा संघ बिल्कुल तैयार है सरकार ने अपनी नीति से सभी संगठनों में फूट डालने की कारवाई शुरू से ही की है, सभी संगठनों को समय-समय पर धोखा ही दिया है । सभी कर्मचारी/पदाधिकारी के कंधे पर तलवार रखकर अपना स्वार्थ साधन पूरा करते वाले ये पदाधिकारी सरकार xxxxx को हमेशा गुमराह करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे । अतः हमारा सभी कर्मचारी/पदाधिकारी संगठनों से विनम्र अनुरोध है कि वे सभी एक मंच पर आयें ताकि अलग-अलग ही सही एक साझा कार्यक्रम बनाकर सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ाने तथा केन्द्रीय तर्ज पर प्रोन्नति सहित सभी सेवा शर्त्तों को लागू करने के लिए हम संगठित दबाव सरकार पर बना सके ।

गंगाधर लाल 24.12.2001
‖जी०एल०दास‖
महासचिव ।

24/XII
‖डब्लू०एन०सिंह‖
अध्यक्ष ।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : ~~220227~~ (O) 2247
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र
संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा
कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक.....................

ज्ञापांक 64 / दिनांक 24-12-2001

प्रतिलिपि- निदेशक, दूरदर्शन पटना/आकाशवाणी,पटना/समाचार सम्पादक, सभी दैनिक हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पटना,राँची, धनबाद डाल्टेनगंज एवं ब्यूरो प्रमुख, ~~xx~~ यू0एन0 आई0/पी0टी0आई0 को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(जी0एल0दास) 24.12.2001
महासचिव।

(डब्लू0एन0 सिंह) 24/12
अध्यक्ष।